अमर उजाला

चैत्र नवरात्र... मां चंद्रघंटा ...अपना शहर

बरेली शनिवार, 21 मार्च 2026 चैत्र शुक्ल-तृतीया • विक्रम संवत

PAGE NO. 8: MIDDLE

वार्षिक खेल महोत्सव में 25 पदकों के साथ सीईटी चैंपियन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फुटबॉल मैदान पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद-2026 का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ।

एसआरएमएस सीईटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण, आठ रजत और तीन कांस्य सहित कुल 25 पदक जीतकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। एसआरएमएस आईएमएस 11 स्वर्ण, 15 रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में सीईटी प्रथम और आईएमएस द्वितीय रहा। महिला वर्ग में आईएमएस प्रथम और सीईटी द्वितीय स्थान पर रहा। बास्केटबॉल में पुरुष वर्ग में सीईटी पहले व आईएमएस दूसरे, जबकि महिला वर्ग में आईएमएस पहले और सीईटी दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न खेलों में हुए मुकाबले

फुटबॉल में आईएमएस और सीईटी को क्रमशः पहला और दूसरा स्थान मिला। शतरंज में पुरुष वर्ग में आदित्य राज प्रथम और दीपक शर्मा द्वितीय रहे। महिला वर्ग में खुशी भाटिया पहले और मानसी सेठी दूसरे स्थान पर रहीं।

खो-खो पुरुष वर्ग में सीईटी प्रथम व आईएमएस द्वितीय, जबकि महिला वर्ग में सीईटी पहले और आईएमएस दूसरे स्थान पर रहा। टेबल टेनिस में पुरुष वर्ग में आईएमएस पहले और सीईटी दूसरे, जबकि महिला वर्ग में सीईटी प्रथम और सीईटी द्वितीय स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में पुरुष वर्ग में सीईटी ने पहला व आईएमएस ने दूसरा व महिला वर्ग में सीईटी प्रथम और आईएमएस द्वितीय रहा।

कैरम के पुरुष वर्ग में रकीब ने पहला और नैतिक ने दूसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में एंजल प्रथम और गौरी द्वितीय स्थान पर रहीं। कबड्डी के पुरुष वर्ग में सीईटी प्रथम और आईबीएस द्वितीय, जबकि महिला वर्ग में आईबीएस प्रथम और आईएमएस द्वितीय स्थान पर रहा।

विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपते ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति। स्रोत : एसआरएमएस

विजेता हुए पुरस्कृत

प्रतियोगिताओं के समापन पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मृदुल महेश्वरी, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।